भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 231 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार, 13 फरवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# पूर्व जिला प्रमुख धाकड़ का सियासी धमाका : फोकस LIVE में खोले कई 'राज'

**• पूर्व विधायक विवेक की हार पर कांग्रेस नेताओं पर सीधा आरोप, 'माफिया गैंग' का जिक्र • तिलस्वा महादेव पर करप्शन से इनकार • राजगढ़ कार्रवाई पर उठाए सवाल • कहा कांग्रेस खत्म नहीं, मैं निभा रहा विपक्ष की भूमिका**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**कपिल श्याम विजय ।**

मांडलगढ़ विधानसभा की राजनीति एक बार फिर चर्चा के केंद्र में है। भीलवाड़ा फोकस के LIVE पॉडकास्ट में पूर्व जिला प्रमुख इंजी. कन्हैया लाल धाकड़ ने बेबाक अंदाज में ऐसे बयान दिए, जिन्होंने जिले की सियासत में नई हलचल पैदा कर दी। यह चर्चा भीलवाड़ा फोकस समाचार पत्र के प्रधान संपादक एवं पॉडकास्ट होस्ट कपिल विजयवर्गीय के साथ हुई, जिसमें धाकड़ ने भीलवाड़ा और मांडलगढ़ की राजनीति के कई अनछुए पहलुओं को सामने रखा।

### पूर्व विधायक विवेक की हार पर बड़ा आरोप

चर्चा के दौरान धाकड़ ने मांडलगढ़ के पूर्व विधायक की हार के पीछे भीलवाड़ा जिले के कई बड़े कांग्रेस नेताओं को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने नाम लेते हुए आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव में एक सच्चे और ईमानदार नेता को हराने के लिए सुनियोजित साजिश रची गई। उनके मुताबिक, माफिया गैंग सक्रिय रही, जिसमें कांग्रेस के पूर्व मंत्री से लेकर जिले के कई प्रभावशाली नेता शामिल थे।

उनके इस बयान ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है।

### यहां कांग्रेस-बीजेपी नहीं, निजी स्वार्थ की राजनीति

धाकड़ ने कहा कि मांडलगढ़ में वैचारिक राजनीति कमजोर हो चुकी है। यहां कांग्रेस या बीजेपी की लड़ाई नहीं है, अधिकतर लोग अपने-अपने काम निकालने में लगे हैं। राजनीति गंदी हो गई है, उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा।

उन्होंने मतदाताओं को भी चेताते हुए कहा कि बुद्धिजीवी वर्ग अपने मत की ताकत नहीं समझता पहले गलत नेतृत्व चुनता है और बाद में पछताता है।



### तिलस्वा महादेव के विवाद पर भी दिया बयान

तिलस्वा महादेव को लेकर उठ रहे सवालों और चल रहे विवाद पर धाकड़ ने कहा कि वहां किसी प्रकार का करप्शन नहीं हुआ है। उन्होंने इसे उन्हें साइडलाइन करने की राजनीतिक चाल बताया।

उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा की अगर गड़बड़ी है तो सिर्फ इसी मंदिर को क्यों निशाना बनाया जा रहा है? क्या क्षेत्र में अन्य प्रसिद्ध मंदिरों में सब कुछ सही है?

### राजगढ़ लोकार्पण और कार्रवाई पर सवाल

धाकड़ में हाल ही में विधानसभा के राजगढ़ में नव-निर्मित कार्य के लोकार्पण के बाद हुई कार्रवाई को लेकर भी सवाल खड़े किए।

उन्होंने कहा कि क्या केवल ठेकेदार पर की गई कार्रवाई पर्याप्त है? जिस स्तर का काम हुआ, क्या उस पर लिया गया एक्शन उचित है, या जनता को सिर्फ भ्रमित किया जा रहा है? उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है।

### बिजोलिया विकास, खातेदारी लाइसेंस और आरोली कांड का जिक्र

चर्चा के दौरान धाकड़ ने बिजोलिया क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों, खातेदारी लाइसेंस से जुड़े मुद्दों और चर्चित आरोली कांड की घटना का भी उल्लेख किया। उन्होंने दावा किया कि कई मामलों में सच्चाई को दबाने की कोशिश की गई।

### कांग्रेस खत्म नहीं हुई , मैं जिंदा हूँ

*मांडलगढ़ में कांग्रेस की स्थिति को लेकर पूछे गए सवाल पर धाकड़ ने दो टूक कहा*

कांग्रेस खत्म नहीं हुई है। मैं कांग्रेस का नेतृत्व कर रहा हूं और विपक्ष की भूमिका निभा रहा हूं। अभी मैं ज़िंदा हूँ ।

भीलवाड़ा फोकस के पॉडकास्ट के बाद धाकड़ के बयानों ने जिले की राजनीति में नई चर्चा छेड़ दी है। सोशल मीडिया से लेकर राजनीतिक मंचों तक उनके आरोपों और दावों को लेकर बहस तेज हो गई है। आने वाले समय में इन बयानों का क्या सियासी असर होगा, इस पर अब सबकी निगाहें टिकी हैं।

## कोटा में बड़ी कार्रवाई: हिस्ट्रीशीटर कालू भड़क चढ़ा पुलिस के हत्थे, 2 पिस्टल, 5 कट्टे और 27 कारतूस जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा**

( **गर्वित**) शहर पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए थाना रानपुर क्षेत्र के कुख्यात हिस्ट्रीशीटर कालू भड़क को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से कुल 7 अवैध हथियार और 27 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने हथियारों के साथ वाहन भी जब्त कर लिया है।

जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि जिले में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सभी थानाधिकारियों को अवैध हथियारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। अभियान के तहत थाना रानपुर पुलिस ने यह कार्रवाई की।



थाना रानपुर के थानाधिकारी भीमसिंह अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान मिली गोपनीय सूचना के आधार पर रिको रानपुर क्षेत्र में एक टाटा सफारी वाहन को रोककर तलाशी ली गई। वाहन में सवार कालू भड़क के कब्जे से 2 देशी पिस्टल, 1 देशी कट्टा और 15 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर हथियार और वाहन जब्त कर लिया।

पूछताछ के बाद पुलिस टीम ने आरोपी के घर पर भी तलाशी अभियान चलाया, जहां से 4 देशी कट्टे, 12 जिंदा कारतूस और 2 मैगजीन बरामद किए गए। इस प्रकार आरोपी के पास से कुल 7 अवैध हथियार, 4 अतिरिक्त मैगजीन और 27 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं।



पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। अब हथियारों की खरीद-फरोख्त, सप्लाई नेटवर्क और अन्य संभावित आरोपियों की संलिप्तता को लेकर गहन जांच की जा रही है।

## कोटा-भीलवाड़ा हाईवे पर हादसा: ट्रेलर की टक्कर से तीन मासूमों की मौत, पिता गंभीर



**भीलवाड़ा फोकस @ बूंदी ।**

कोटा-भीलवाड़ा नेशनल हाईवे-27 पर बुधवार रात दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन मासूम बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। बूंदी जिले के डाबी थाना क्षेत्र में हुए इस हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने हाईवे जाम कर दिया और मुआवजे की मांग को लेकर शव उठाने से इनकार कर दिया।

पुलिस ने बताया कि पराणा गांव निवासी मदन बंजारा अपनी बेटी सुमन, बेटे अंकित और भतीजे करण पुत्र बहादुर के साथ बाइक से डाबी की ओर जा रहा था । परिवार के एक बच्चे की तबीयत खराब होने पर उसे डॉक्टर को दिखाने के लिए घर से निकले थे। रात करीब पौने नौ बजे दुधी कुड़ी कट के पास भीलवाड़ा की ओर से तेज गति से आ रहे ट्रेलर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी तेज थी कि चारों लोग सड़क पर दूर तक घिसटते चले गए। हादसे में 8 से 10 वर्ष आयु के तीनों बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल मदन बंजारा को तत्काल एंबुलेंस से कोटा के एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार जारी है।

हादसे के बाद ट्रेलर चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। डाबी थाना पुलिस ने ट्रेलर को कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। परिजनों में कोहराम मच गया। आक्रोशित लोगों ने हाईवे जाम कर दिया और मुआवजे व सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर शव उठाने से इनकार कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर समझाइश के प्रयास किए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## हवाला कारोबार में 24.10 लाख रुपये जब्त

**दो आरोपी गिरफ्तार, कन्नुकांति से जुड़े नेटवर्क की जांच जारी**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

पुलिस ने हवाला कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 24 लाख 10 हजार रुपये नकद जब्त कर दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी कन्नुकांति से जुड़े हवाला नेटवर्क में संलिप्त बताए जा रहे हैं। यह कार्रवाई कोतवाली थानाधिकारी शिवराज गुर्जर के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई। पुलिस ने बताया की 11 फरवरी को गश्त के दौरान प्रोबेशनर आईपीएस आयुष श्रोत्रिय को सूचना मिली कि गोल प्याऊ चौराहे के पास महावीर सुगंध वाली गली में दो युवक बैग में भारी नकदी लेकर जा रहे हैं। सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को रोककर तलाशी ली। तलाशी में बैग के भीतर 500 और 200 रुपये के नोटों की गड्डियां भरी मिलीं। पूछताछ के दौरान आरोपी नकदी के संबंध में कोई वैध लाइसेंस, रसीद या पंजीकरण प्रस्तुत नहीं कर सके।

पुलिस ने 24 लाख 10 हजार रुपये की राशि को जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गोपाल सिंह पुत्र मानसिंह परमार (30) निवासी छज्जुखेड़ी, उज्जैन तथा सिद्धराज सिंह पुत्र भमुजी उर्फ भंवर सिंह वाघेला (30) निवासी कंथरावी, मेहसाणा के रूप में हुई है।

पुलिस अब इस मामले में हवाला नेटवर्क के अन्य जुड़े लोगों की तलाश कर रही है और जांच जारी है।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo. 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# जोगणिया माता धाम में मेवाड़ा समाज का भव्य आयोजन, मातृशक्ति को मिली कमान

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।





जोगणिया माता मंदिर परिसर में क्षत्रिय मेवाड़ा कलाल समाज की धर्मशाला में गुरुवार को नववर्ष स्नेह मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत धर्मशाला स्थित भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन मंदिर में दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने समाजजनों को संबोधित करते हुए कहा कि मेवाड़ा कलाल समाज संख्या में कम होते हुए भी प्रतिभाओं से समृद्ध है। उन्होंने युवाओं को राजनीति, शिक्षा, खेल, चिकित्सा व व्यापार सहित विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़कर समाज का नाम रोशन करने का आह्वान किया। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से समाज को सहयोग दिलाने का आश्वासन दिया और बालिका शिक्षा व सामाजिक कुरीतियों के त्याग पर जोर दिया।

इस अवसर पर समाज अध्यक्ष कन्हैयालाल मेवाड़ा व पदाधिकारियों ने अतिथि का जोगणिया माता की तस्वीर, राजस्थानी पगड़ी व दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। पूर्व अध्यक्ष पुष्कर सत्यनारायण मेवाड़ा, डॉ. रतनलाल सुवालका (देवली), संरक्षक देवीलाल मेवाड़ा (बेगूं), गोपाललाल मेवाड़ा व सत्यनारायण मेवाड़ा (बिजोलिया) सहित अन्य वक्ताओं ने भी समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया।

समारोह में पहली बार समाज की महिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। ममता देवी (बिजोलिया) को अध्यक्ष, दुर्गा देवी (मांडलगढ़), कौशल्या मेवाड़ा, भूमिका मेवाड़ा व कैलाश देवी (होड़ा) को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। रचना मेवाड़ा को सचिव नियुक्त किया गया।

कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, उपाध्यक्ष सत्यनारायण मेवाड़ा (टहला), कोषाध्यक्ष ललित मेवाड़ा, सचिव कमलेश मेवाड़ा (धामंचा) सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे। संचालन रचना मेवाड़ा व मनोज मेवाड़ा (गोपालपुरा) ने किया।

## अवैध बजरी खनन पर पुलिस की कार्रवाई, दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**(सांवर वैष्णव)।** आकोला गांव के पास बनास नदी में चल रहे अवैध बजरी खनन के खिलाफ बड़लियास पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए हैं।

थाना प्रभारी मुन्नीराम चोयल ने बताया कि सूचना के आधार पर आकोला के समीप बनास नदी क्षेत्र में कार्रवाई की गई। मौके पर अवैध रूप से बजरी का खनन व परिवहन करते पाए गए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर थाने में खड़ा कराया गया है। पुलिस ने आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय बजरी माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

## गेहूं की फसल सिंचाई के दौरान सांप के काटने से किसान की मौत

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।



क्षेत्र के नई राज्यास में खेत पर गेहूं की फसल की सिंचाई करते समय सांप के काटने से किसान की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नई राज्यास निवासी मोहन लाल पुत्र छोगा कीर सुबह खेत पर गेहूं की सिंचाई करने गया था, दोपहर में खेत पर सिंचाई करते वक्त सांप ने काट लिया। मोहन खेत से बाहर निकल कर घर के लिए रवाना हुआ था । राहगीरो ने परिजनों को सूचित किया , जिसके बाद परिजनों ने अचेत अवस्था में मोहन को शाहपुरा सेटेलाइट चिकित्सालय पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। इस दौरान रास्ते में ले जाते समय किसान ने दम तोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## नगर निगम की बड़ी कार्रवाई: आजाद चौक से प्रताप टॉकीज तक हटाया अतिक्रमण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



नगर निगम ने लंबे समय बाद शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। आजाद चौक, प्रताप टॉकीज एरिया और हरी शेवा मार्ग से दुकानों के बाहर लगे होर्डिंग, टीन शेड, बोर्ड और अवैध निर्माण हटाए गए।

महापौर का कार्यकाल समाप्त होने के बाद जिला कलेक्टर के प्रशासक बनने पर निगम की टीम ने अभियान चलाया। हरि शेवा रोड से बस स्टैंड मार्ग को अतिक्रमण मुक्त किया गया, नालियों पर बने पक्के निर्माण और दुकानों के रैंप तोड़े गए।

प्रताप टॉकीज क्षेत्र में 10-15 फीट तक किए गए अतिक्रमण हटाए गए। करीब दो दर्जन दुकानों के बाहर से सामान जब्त किया गया। कार्रवाई से व्यापारियों में हड़कंप मच गया, जबकि शहरवासियों ने इसकी सराहना की। निगम अधिकारियों के अनुसार अतिक्रमण हटाने का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## विद्यालय को भेंट की अलमारी

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।



क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टिटोड़ा माफी में सेवानिवृत्त वरिष्ठ अध्यापक दिनेश चंद्र ताम्बी ने विद्यालय को स्टील अलमारी भेंट कर सराहनीय पहल की।

प्रधानाचार्य ने बताया कि शैक्षणिक अभिलेख व परीक्षा सामग्री के सुरक्षित रख-रखाव के लिए अलमारी की आवश्यकता लंबे समय से थी, जो अब पूरी हो गई है। समारोह में शिक्षकों व ग्रामीणों ने ताम्बी के शिक्षा के प्रति समर्पण की प्रशंसा की।

ताम्बी ने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। अंत में विद्यालय परिवार ने साफा पहनाकर उनका आभार व्यक्त किया।

## आगूचा में 14 फरवरी को रंणकेश्वर महादेव की ऐतिहासिक मुकुट यात्रा

**महाशिवरात्रि पर भव्य आयोजन, 13 से अखंड रामायण पाठ शुरू**

भीलवाड़ा फोकस @ आगूचा ।



कस्बे में स्थित रंणकेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 14 फरवरी को ऐतिहासिक मुकुट यात्रा का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर शिव भक्तों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है तथा तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

यात्रा के तहत बाबा भोलेनाथ का विशेष मुकुट चढ़ाया जाएगा। आयोजन में संजीव झांकियां, अघोरी नृत्य, 101 हरि बोल प्रभात फेरी, महाकाल उपासकों की प्रस्तुतियां, तासा नृत्य तथा राजस्थान के ख्यातिप्राप्त कलाकारों की भव्य संगीत प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेंगी। महाकाल श्रृंगार की विशेष सजावट भी की जाएगी।

इससे पूर्व गणेश भगवान मंदिर एवं हनुमान मंदिर में निमंत्रण पत्रिका के साथ पोस्टर का विमोचन किया गया। जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, प्रभात फेरियों के अध्यक्षों एवं संत-महात्माओं को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रण दिया जा रहा है।

13 फरवरी से मंदिर परिसर में अखंड रामायण पाठ प्रारंभ होगा। वहीं महाप्रसादी के लिए भी व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। मंदिर परिसर की सजावट और आकर्षक डेकोरेशन का कार्य अंतिम चरण में है।

## हमीरगढ़ में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ का हुआ भव्य स्वागत





भीलवाड़ा फोकस @ मंगरोप।

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ गुरुवार को चित्तौड़गढ़ प्रवास के दौरान हमीरगढ़ पहुंचीं। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद यह उनका पहला हमीरगढ़ आगमन था।

नगर पालिका प्रशासक रेखा परिहार के नेतृत्व में महिला मोर्चा व भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं ने जेसीबी से पुष्पवर्षा कर, माला व दुपट्टा ओढ़ाकर उनका भव्य स्वागत किया। आयोजित सभा को संबोधित करते हुए राठौड़ ने कहा कि महिला मोर्चा महिलाओं के सर्वांगीण विकास, सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति की महिला तक पहुंचाएं और उन्हें सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक रूप से मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

सभा के बाद उन्होंने पहाड़ी स्थित चामुंडा माता मंदिर में दर्शन कर प्रदेश व क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में महिला मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बजट 2026-27 दूरदर्शी और विकासोन्मुखी: कोठारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



विधायक अशोक कोठारी ने राजस्थान विधानसभा में बजट 2026-27 पर चर्चा के दौरान इसे प्रभावशाली और दूरदर्शी बजट बताया। उन्होंने कहा कि सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ पर्यावरण संतुलन पर भी विशेष ध्यान दे रही है। इस वर्ष पर्यावरण बजट को बढ़ाकर करीब 33 हजार करोड़ रुपये किया गया है। चारागाह, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के लिए 5000 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 2.02 लाख रुपये पहुंच गई है। 4 लाख युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य है, जबकि 1 लाख युवाओं को 10 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण देने की योजना भी है। किसानों के लिए 25 हजार करोड़ रुपये के ब्याज मुक्त ऋण का प्रस्ताव रखा गया है। शिक्षा व स्वास्थ्य के लिए 69 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान, 400 विद्यालयों का क्रमोन्नयन, छात्र-छात्राओं को लैपटॉप सहायता व साइकिल वितरण की घोषणा की गई है। पेयजल के 3 लाख नए कनेक्शन और ऊर्जा क्षेत्र में 2.05 लाख नए कनेक्शन दिए जाएंगे।

कोठारी ने भीलवाड़ा को एलिवेटेड रोड, रिवर फ्रंट, गांधी सागर तालाब सौंदर्यीकरण, लॉजिस्टिक पार्क सहित विभिन्न सौगातों के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। साथ ही शहर को शिक्षा व चिकित्सा हब बनाने, एमबीए-बीसीए शुरू करने, टेक्सटाइल कॉलेज को डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा देने और संविदाकर्मियों के नियमितीकरण की मांग भी उठाई।

## प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध पालिका का विशेष अभियान, 1150 किलोग्राम सिंगल यूज़ प्लास्टिक जब्त




भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

राज्य सरकार एवं जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार नगर पालिका द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पालिका क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 1150 किलोग्राम सिंगल यूज़ प्लास्टिक जब्त किया गया तथा नियमानुसार जुर्माना राशि भी वसूल की गई। अभियान के दौरान व्यापारी वर्ग एवं आमजन को सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने हेतु समझाइश दी गई। पालिका टीम ने दुकानदारों एवं ग्राहकों से कपड़े अथवा जूट के थैले का उपयोग करने तथा प्लास्टिक कैरी बैग का प्रयोग पूर्णतः बंद करने की अपील की।

इस अभियान में पालिका की अधिशासी अधिकारी रिंकल गुप्ता, कनिष्ठ अभियंता कुलदीप जैन, स्वास्थ्य निरीक्षक हेमंत दत्त, स्वच्छ भारत मिशन इंजीनियर प्रहलाद सहित जमादार विकास घुसर, सत्येंद्र कुमार, कालू लाल, उत्तम , घीसू लाल, लखन, नितिन, अमित, संदीप एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



QUICK BITES

## गंगापुर-रायपुर स्टेट हाईवे 75 पर गड्ढों का कहर, नव निर्माण की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ गुरला ।**



जिले से गुजर रहे गंगापुर-रायपुर स्टेट हाईवे 75 की हालत बदतर हो गई है। डेलाना, उल्लाई चौराहा, मटुनिया, कोशिथल, कीरखेड़ा, नान्दशा चौराहा और रायपुर बाईपास के पास सड़क पर गहरे गड्ढे वाहन चालकों के लिए खतरा बने हुए हैं। कई जगह तीन से चार फीट तक गड्ढे उभर आए हैं, जिससे हादसों की आशंका बढ़ गई है। नाले निर्माण के बाद पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क की मरम्मत नहीं किए जाने से स्थिति और गंभीर हो गई है। रात के समय गड्ढे नजर नहीं आने से दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। इस मार्ग से रोजाना दोपहिया, चौपहिया, बसें और भारी वाहन गुजरते हैं। सहाड़ा विधानसभा क्षेत्र के दो बड़े कस्बों को जोड़ने वाली यह महत्वपूर्ण सड़क बदहाल होने से लोगों को वैकल्पिक मार्ग अपनाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने शीघ्र डामरीकरण व पैचवर्क की मांग की है।

## आसींद में एडीजे व एसीजेएम कोर्ट खोलने की उठी मांग

### 32 साल से न्यायिक सुविधाओं का अभाव, मंत्री ने कोर्ट कैंप का दिया आश्वासन

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**



विधानसभा क्षेत्र में लंबे समय से न्यायिक सुविधाओं के अभाव को लेकर विधानसभा के बजट सत्र में मामला उठाया गया। विधायक जब्बर सिंह सांखला ने प्रश्नकाल के दौरान क्षेत्र में अपर जिला एवं सत्र न्यायालय (एडीजे) तथा अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) न्यायालय स्थापित करने की मांग रखते हुए आमजन को हो रही परेशानियों से सरकार को अवगत कराया।

भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल सिंह तंवर ने बताया कि विधायक सांखला ने विधि एवं संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल के समक्ष कहा कि पिछले 32 वर्षों से आसींद में एसीजेएम एवं अपर जिला न्यायालय नहीं होने के कारण लोगों को अपने प्रकरणों की सुनवाई के लिए 75 किलोमीटर दूर गुलाबपुरा जाना पड़ता है। क्षेत्र में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा किसान वर्ग के मामलों की संख्या अधिक है, जिससे न्याय पाने के लिए आमजन को दूरी और आर्थिक बोझ दोनों का सामना करना पड़ता है।

विधायक ने क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे मुकदमों का हवाला देते हुए स्थानीय स्तर पर न्यायालय खोलने की आवश्यकता बताई। इस पर मंत्री जोगाराम पटेल ने आश्वासन दिया कि माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर आसींद में वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय तथा अपर जिला न्यायालय के लिए सप्ताह में दो दिन कोर्ट कैंप संचालित करने की दिशा में कार्रवाई की जाएगी।

मंत्री ने कहा कि भौगोलिक परिस्थितियों और विभागीय रिपोर्ट के आधार पर शीघ्र ही आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर क्षेत्रवासियों को राहत देने का प्रयास किया जाएगा।

# गिव अप अभियान से बची करोड़ों की सब्सिडी, जरूरतमंदों को मिला हक

## 3.25 लाख अपात्र हटे ,2.71 लाख पात्रों को मिला लाभ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित 'गिव अप अभियान' में जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिले में अब तक 2 लाख 50 हजार 224 लोगों ने स्वेच्छा से एनएफएसए योजना का लाभ त्याग किया है। इसके अतिरिक्त ई-केवाईसी के माध्यम से 75 हजार 555 लाभार्थी योजना से हटाए गए हैं। इस प्रकार कुल 3 लाख 25 हजार 779 अपात्र व्यक्तियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) योजना से बाहर किया गया है।



अपात्र लाभार्थियों के हटने से जिले में 2 लाख 71 हजार 546 पात्र किन्तु वंचित लोगों को एनएफएसए योजना में जोड़ा गया है। इससे जहां एक ओर खाद्य, गैस, बीमा और चिकित्सा योजनाओं में दी जा रही सब्सिडी पर सरकारी व्यय में कमी आएगी, वहीं दूसरी ओर नए पात्र लाभार्थियों को इन चारों योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

जिला रसद अधिकारी अमरेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि 'गिव अप' अभियान के तहत चार पहिया वाहन स्वामी, सरकारी कर्मचारी, आयकरदाता एवं एक लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय वाले व्यक्तियों ने सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए योजना का लाभ त्याग किया है। उन्होंने कहा कि अभियान से समाज में जागरूकता बढ़ी है और बड़ी संख्या में लोग ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से स्वेच्छा से 'गिव अप' कर रहे हैं।

अभियान की सफलता में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ-साथ खाद्य विभाग के कार्मिकों एवं उचित मूल्य दुकानदारों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

विभाग द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर 100 क्विंटल से अधिक गेहूं बेचने वाले लाभार्थी परिवारों की सूची प्राप्त कर जांच की जा रही है।

गौरतलब है कि 'गिव अप' योजना 28 फरवरी 2026 तक प्रभावी रहेगी। निर्धारित तिथि तक स्वेच्छा से योजना का लाभ नहीं छोड़ने वाले अपात्र लाभार्थियों से 1 मार्च 2026 से 30 रुपये 57 पैसे प्रति किलोग्राम गेहूं की दर से खाद्यान्न की वसूली की जाएगी।

# लोकसभा में सांसद अग्रवाल ने केंद्रीय बजट का किया समर्थन, प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री का जताया आभार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

सांसद दामोदर अग्रवाल ने लोकसभा में केंद्रीय बजट 2026-27 पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त करते हुए बजट का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि यह बजट देश को तीव्र विकास की दिशा में आगे बढ़ाने वाला है।

सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि सांसद अग्रवाल ने सदन में अपने वक्तव्य में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जनहित और अंत्योदय को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि कभी 'सोने की चिड़िया' कहलाने वाले भारत की अर्थव्यवस्था पूर्ववर्ती सरकारों के समय कमजोर स्थिति में थी, लेकिन एनडीए सरकार ने लोकलुभावन नीतियों के बजाय जनकल्याणकारी और विकासोन्मुख कदम उठाए हैं।




सांसद अग्रवाल ने कहा कि गत 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए घरेलू विनिर्माण क्षमता, ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा सुरक्षा को सशक्त किया है। इसका परिणाम यह है कि देश ने कई महत्वपूर्ण उत्पादों में आयात निर्भरता कम की है। साथ ही रोजगार सृजन, कृषि उत्पादकता और लोगों की क्रय शक्ति में वृद्धि हुई है। उन्होंने 7 प्रतिशत की उच्च विकास दर को बड़ी उपलब्धि बताया।

उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट में एससी, एसटी, घुमंतू समाज, किसान, श्रमिक, महिलाएं और युवाओं के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। आधारभूत संरचना विकास और आर्थिक सुधारों को प्राथमिकता दी गई है, जिससे संतुलित एवं सतत विकास सुनिश्चित होगा।

सांसद ने कहा कि इस बजट में भाषणों के बजाय सुधारों और निर्णयों को महत्व दिया गया है। जीएसटी एवं श्रम सुधारों से व्यापार सुगमता बढ़ेगी। लगभग 10 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि के लक्ष्य से रोजगार और आय में बढ़ोतरी होगी। सरकार द्वारा इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन-2 की शुरुआत से तकनीकी आत्मनिर्भरता और रणनीतिक मजबूती को बल मिलेगा।

## आरयूआईडीपी के तहत शाहपुरा में स्वच्छता जागरूकता रैली, 102 विद्यार्थियों ने लिया भाग

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना आरयूआईडीपी की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई की ओर से आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में फीकल स्लज एवं सेप्टेज मैनेजमेंट एफएसएसएम तथा स्वच्छता के प्रति आमजन में जागरूकता लाने के उद्देश्य से रैली का आयोजन किया गया।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक दुर्गा लाल जांगिड़ ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। विद्यार्थियों ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकालकर विभिन्न नारों के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया। एफएसएसएम को अपनाना है, गंदगी को भगाना है तथा हम सबका एक ही नारा, स्वच्छ रहे शहर हमारा जैसे नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर गांधी नगर, कान्या, बालाजी, सिंधी कॉलोनी एवं गाडरी खेड़ा होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में पहुंची।

कैप आरयूआईडीपी के सहायक सामाजिक विकास अधिकारी महेंद्र सिंह राणावत ने विद्यार्थियों को एफएसटीपी के लाभों की जानकारी देते हुए बताया कि शहर में आरयूआईडीपी विभाग द्वारा




एफएसटीपी प्लांट का निर्माण कराया गया है। सेप्टिक टैंकों से निकले मलबे को विशेष वाहन के माध्यम से प्लांट तक पहुंचाया जाएगा, जहां उसका वैज्ञानिक तरीके से उपचार कर जैविक खाद तैयार की जाएगी, जिसका उपयोग कृषि कार्यों में किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि सेप्टिक टैंक की सफाई नगर पालिका में 1500 रुपये जमा कराकर करवाई जा सकती है। नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता प्रहलाद गुलपारिया ने बच्चों को संबोधित करते हुए प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को जीवन की आदत बनाएं और शहर को साफ-सुथरा रखने में अपना सक्रिय योगदान दें।

# वित्तीय साक्षरता जागरूकता कैंप आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा**

**(परमेश्वर)।** भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार वित्तीय साक्षरता केंद्र द्वारा समेलिया गाँव में वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत जागरूकता कैंप आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्रिसिल फाउंडेशन के एरिया मैनेजर कृतेश कुमार, सेंटर मैनेजर गायत्री शर्मा तथा स्टेट बैंक के असिस्टेंट मैनेजर हर्ष मेहता सहित बैंक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। करीब 55-60 ग्रामीणों ने भाग लिया।

सेंटर मैनेजर गायत्री शर्मा ने केवाईसी , सीकेवाईसी और अकाउंट से जुड़े जोखिमों की जानकारी देते हुए कहा कि किसी को भी अपना बैंक खाता उपयोग के लिए न दें, अन्यथा अवैध लेन-देन की स्थिति में खाताधारक जिम्मेदार होगा। साथ ही उन्होंने प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना सहित सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।




भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की! अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# एलआईसी कर्मियों की हड़ताल, कार्यालय के बाहर दिया धरना-प्रदर्शन

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**(मूलचन्द पेसवानी)** अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ एवं संयुक्त यूनियनों के आह्वान पर गुरुवार को लाइफ इंश्योरेंस कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया (एलआईसी) कर्मियों ने हड़ताल कर नगर स्थित कार्यालय के बाहर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। हड़ताल के कारण पूरे दिन कार्यालय में किसी भी प्रकार का लेन-देन नहीं हो सका, जिससे बीमा उपभोक्ताओं को काफी परेशानी उठानी पड़ी। कर्मचारियों ने कार्यालय के मुख्य द्वार को बंद कर बाहर ही धरना दिया और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

धरने में शाखा सचिव मोहम्मद अली, उम्मेद खान, प्रभात कुमार, अनिश कुमार, रामेश्वर लाल कहार, मनोज कुमार, महाबीर शर्मा, सुरेन्द्र सिंह, ऋषभ, अनुराग रोसिया, रौनक जोशी एवं भेरू सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई लागू करने के निर्णय को जनविरोधी बताते हुए कहा कि इससे सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियां कमजोर होंगी और निजी कंपनियों को लाभ मिलेगा। उनका आरोप है कि इससे रोजगार के अवसर घटेंगे तथा देश की पूंजी विदेशी कंपनियों के हाथों में चली जाएगी। कर्मचारियों ने बीमा जैसे संवेदनशील क्षेत्र के पूर्ण निजीकरण का विरोध करते हुए निजीकरण बंद करो, एफडीआई वापस लो और कर्मचारी विरोधी नीतियां नहीं चलेंगी जैसे नारे लगाए।




प्रदर्शन के दौरान नए श्रम कानूनों का भी विरोध किया गया। कर्मचारियों का कहना था कि इन कानूनों से श्रमिकों के मौलिक अधिकार प्रभावित हो रहे हैं और बड़े पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। संघ की ओर से सरकार से 100 प्रतिशत एफडीआई का निर्णय वापस लेने, नई भर्तियां शुरू करने, पुरानी पेंशन योजना लागू करने तथा लंबित मामलों का शीघ्र समाधान करने की मांग की गई। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

हड़ताल के चलते दिनभर कार्यालय में सन्नाटा पसरा रहा और प्रीमियम जमा कराने व पॉलिसी संबंधी कार्यों के लिए पहुंचे उपभोक्ताओं को बिना काम कराए लौटना पड़ा। प्रशासन की ओर से स्थिति पर नजर रखी गई और किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन केवल अपने अधिकारों के लिए ही नहीं, बल्कि सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए भी है।

# पत्थरगढ़ी से पूर्व सीमा ज्ञान आदेश पर पुनर्विचार की मांग, अधिवक्ताओं ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिला अभिभाषक संस्था ने पत्थरगढ़ी से पूर्व सीमा ज्ञान कराने संबंधी हालिया आदेश पर पुनर्विचार की मांग को लेकर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु को ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं का कहना है कि यह आदेश राजस्थान लैंड रेवेन्यू एक्ट के प्रावधानों के अनुरूप नहीं है और इससे काश्तकारों को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ रही है।



जिला अभिभाषक संस्था अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़, उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत, महासचिव पंकज दाधीच, रेवेन्यू महासचिव मनोहर लाल बुनकर, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सह सचिव आदित्य सिंह चौहान एवं पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली के निर्देशन में अधिवक्ताओं ने ज्ञापन प्रस्तुत किया। रेवेन्यू महासचिव मनोहर लाल बुनकर ने बताया कि राजस्थान लैंड रेवेन्यू एक्ट की धारा 111 एवं 128 के तहत काश्तकार की कृषि भूमि की पत्थरगढ़ी का प्रावधान है, जो तहसीलदार द्वारा आसपास के पड़ोसियों की उपस्थिति में की जाती है। उन्होंने कहा कि अधिनियम में पत्थरगढ़ी से पूर्व सीमा ज्ञान कराने का कोई प्रावधान नहीं है, जबकि हाल ही में जिला कलेक्टर द्वारा इस आशय का आदेश जारी किया गया है। अधिवक्ताओं का कहना है कि सीमा ज्ञान की अनिवार्यता से काश्तकारों को पटवारी के यहां बार-बार चक्कर लगाने पड़ेंगे, जिससे समय और धन दोनों की हानि होगी। पहले से ही अतिरिक्त कार्यभार के कारण पटवारी कार्यालयों में उपलब्ध नहीं रहते, जिससे किसानों को अनावश्यक पीड़ा झेलनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व में पत्थरगढ़ी की प्रक्रिया कानूनन सुचारु रूप से संपादित हो रही थी, ऐसे में नए आदेश से अनावश्यक जटिलता उत्पन्न हो रही है।ज्ञापन देते समय कृष्णगोपाल शर्मा, रणवीर सिंह राणावत, मांगीलाल सेन, सुरेश सुवालका, पीरू सिंह गौड़, योगेश चौधरी, ओमप्रकाश पटवारी, निक्कीबाला अरोड़ा, कन्हैलाल सेन, गायत्री पटवा, ज्योति जागेटिया, सरिता स्वर्णकार, बालूलाल उपाध्याय, पल्लवी गुप्ता, अनुराग आडोत, मीना सोनी, मानवी कुमावत, पूजा नाथ योगी सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# त्रिवेणी संगम पर सर्वोदय मेला व विचार गोष्ठी आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**

सेवा संघ की ओर से त्रिवेणी संगम स्थित गांधी स्मृति भवन में गुरुवार को सर्वोदय मेला एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अस्थि कलश विसर्जन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने गांधीजी के सिद्धांतों को जीवन में उतारने का आह्वान किया।



श्रद्धांजलि सभा की शुरुआत नवजीवन स्कूल के बालक-बालिकाओं द्वारा गांधीजी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए, पीर पराई जाने रे... की प्रस्तुति से हुई। इस अवसर पर सर्वोदय विचारक भंवरलाल जोशी एवं भंवर सिंह चौधरी सहित सेवा संघ में उल्लेखनीय सेवाएं देने वाले स्वर्गीय व्यक्तियों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ओम प्रकाश जोशी ने की। उन्होंने बताया कि 12 फरवरी 1948 को सेवा संघ के संस्थापक मनोहर सिंह मेहता एवं रूप लाल सोमानी ने त्रिवेणी संगम पर महात्मा गांधी की अस्थियों का कलश प्रवाहित किया था। तब से यहां प्रतिवर्ष सर्वोदय मेले का आयोजन होता आ रहा है। उन्होंने गांधीजी के विचारों को अधिकाधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया। संस्था के उपाध्यक्ष शिवकुमार त्रिपाठी ने कहा कि गांधीजी ने बिना अर्थशास्त्र के स्वतंत्रता आंदोलन का सफल नेतृत्व किया। बालिका राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश वर्मा एवं महेंद्र बाबेल ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार दिलीप मेहता, गोपाल टेलर, देवीलाल साहू, अल्पसंख्यक ब्लॉक अध्यक्ष अब्दुल कयूम लोहार मांडलगढ़, कोषाध्यक्ष दीपक जैन, गोवर्धन मेवाड़ा, राम सिंह जोशी, दुर्गा लाल काबरा , सलाम लोहार, ओम व्यास, गोपाल सिंह बाफना, भेरूलाल पहाड़िया, धर्मराज मेवाड़ा, जगदीश मुंदड़ा, सराज लोहार सहित नवजीवन स्कूल, बालिका राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं गंगा स्वरूप ब्रह्मचार्य वेद विद्यालय के छात्र-छात्राएं तथा अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नए श्रम कानून के विरोध में बैंक कर्मचारियों ने रखी हड़ताल, किया प्रदर्शन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

केंद्रीय सरकार द्वारा लागू नए श्रम कानून व श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ आयोजित श्रम संगठनों की एक दिवसीय हड़ताल के क्रम में राष्ट्रीयकृत बैंकों की सबसे बड़ी यूनियन एआईबीईए, एआईबीओए व बेफी के कर्मचारियों ने हड़ताल में भाग लेकर बैंकिंग सेवा में व्यवधान डाल दिया। भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर तीनों संगठन के अधिकारी व कर्मचारियों ने भारतीय जीवन बीमा निगम के अधिकारी व कर्मचारियों के साथ निगम कार्यालय के बाहर सरकार विरोधी नारे लगाए। इस प्रदर्शन में यूनियन के सचिव अशोक कुमार बिड़ला ने सरकार के नये श्रम कानून को लेकर सरकार की आलोचना की व मांग की कि अविलंब इन कानून कोवापस ले। अन्यथा बैंकों की सभी नौ संगठन यूएफबीयू के झंडे तले और हड़ताल करेंगे। इस दौरान विभिन्न बैंक के सैकडों कर्मचारी उपस्थित थे। इस हड़ताल से जिले की 125 से अधिक शाखाओं में ग्राहक सेवा में देरी हुई। कुछ शाखाओं में नकदी लेनदेन नहीं होने से ग्राहक निराश होकर लौटे। प्रदर्शन के दौरान बैंक कर्मचारी रमेश महता, शिव सोडाणी, शंकर लाल, रोनक बाल्दी, शिरीष, महिला दीपा, लता चौहान सहित उपस्थित कर्मचारियों ने नारेबाजी कर जोश भर दिया।



# भाविप का 56वां दिव्यांगजन शिविर शुरू, सैकड़ों को मिलेगा सहारा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा के तत्वावधान में 56वें दिव्यांगजन शिविर का शुभारम्भ हुआ। शिविर का आयोजन भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है। शिविर में अब तक 555 से अधिक दिव्यांगजन पंजीयन करा चुके हैं। यहां जरूरतमंदों को कृत्रिम हाथ-पैर (जयपुर फुट), कैलीपर, व्हीलचेयर, बैसाखी, वॉकर और श्रवण यंत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं। 14 विशेषज्ञों की टीम डॉ. के.एस. पारीक के नेतृत्व में सेवाएं दे रही है।उद्घाटन अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने सेवा कार्य की सराहना की। आरएसएस विभाग प्रचारक चांदमल सोमानी ने कहा कि सेवा ही मानवता का सर्वोच्च धर्म है।



शिविर में दिव्यांगजन प्रमाण पत्र व रोडवेज पास की सुविधा भी मौके पर दी जा रही है। दंत चिकित्सा शिविर में 52 मरीजों का उपचार किया गया। शिविर का समापन 14 फरवरी को होगा, जिसमें राज्य मंत्री अविनाश गहलोत शामिल होंगे।

शिविर संयोजक मनोज माहेश्वरी व भैरूलाल अजमेरा ने अधिक से अधिक जरूरतमंदों को लाभ दिलाने का लक्ष्य बताया।

## QUICK BITES

### वैवाहिक अमृत उत्सव, दंपतियों का हुआ अभिनंदन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



**मानव तिवारी ।** स्थानीय विजयवर्गीय समाज द्वारा अमृत महोत्सव के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर वयोवृद्ध नजर बाई एवं घनश्याम लाल मेड़तिया के 75वीं वैवाहिक वर्षगांठ तथा उनके पुत्र पुरुषोत्तम व पुत्रवधू पुष्पा की 45वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम में समाजजनों ने दोनों दंपतियों को माला पहनाकर सम्मानित किया और उनके स्वस्थ एवं उज्ज्वल जीवन की कामना की। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन एवं कई नागरिक उपस्थित रहे।

### आशा चेतना अभियान के तहत साक्षरता शिविर आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**



**रमेश गुर्जर।** तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देशानुसार गुरुवार को नयागांव स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय, चांद जी की खेड़ी में आशा चेतना अभियान के अंतर्गत साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में पीएलवी रामबाबू माथुर एवं अंजली नायक ने बालिकाओं को मातृ स्वास्थ्य, घरेलू हिंसा, बाल विवाह की रोकथाम तथा विवाह की वैधानिक आयु सहित विभिन्न कानूनी जानकारियां प्रदान कीं। साथ ही छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में प्रिंसिपल सुमित कुमार, विनोद मीणा, प्रमोद शर्मा, पुष्पेंद्र राजपाल, अभिषेक, रेणु, पिंकी, प्रियंका, श्रद्धा, कृष्णागोपाललाल डकडोलिया, अजय कुमार मीणा, मनराज मीणा, शंभुलाल जी, शिवानी, सुनीता नायक सहित विद्यालय स्टाफ सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### मेहता ने शुरू की अंतरराष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना

**मेधावी छात्रों को मिलेगी सालाना 1 लाख की सहायता**

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**



**(मूलचन्द पेसवानी)** शाहपुरा मूल के प्रवासी समाजसेवी राजेंद्र मेहता ने शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी पहल करते हुए मेधावी विद्यार्थियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की छात्रवृत्ति योजना शुरू की है। अमेरिका स्थित द सन मेहता एजुकेशन फाउंडेशन के संस्थापक राजेंद्र मेहता द्वारा यह छात्रवृत्ति मालवीय नेशनल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी जयपुर में बी.टेक में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए वर्ष 2026 से 2030 तक लागू रहेगी। योजना के तहत हर वर्ष तीन विद्यार्थियों को चयनित कर प्रत्येक को 1 लाख रुपये प्रतिवर्ष, चार वर्षों तक कुल 4 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। चयन शैक्षणिक योग्यता और आर्थिक आवश्यकता के आधार पर होगा। मेवाड़ क्षेत्र के छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी तथा भीलवाड़ा जिले के विद्यालयों से पढ़े विद्यार्थियों को विशेष वरीयता मिलेगी। राजेंद्र मेहता स्वयं 1972 बैच के शाहपुरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज के वास्तविक विकास का आधार है। स्थानीय शिक्षाविदों ने इस पहल को जिले के लिए बड़ी सौगात बताया है।

### 13 छात्राओं को साइकिल हुई वितरित

**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ।**



कस्बे स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में राज्य सरकार की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत कक्षा 9 की 13 छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करना एवं छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराना है।

प्रधानाचार्य अनीता धोबी ने बताया कि सरकार की इस योजना से बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा और उनमें आत्मनिर्भरता की भावना विकसित होगी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्रजमोहन शर्मा, उपाध्यक्ष रणवीर सिंह शक्तावत, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रिंसिपल नाथुराम मीणा, नटवर खटीक, कमलेश अजमेरा, शिव सिंह चौहान, बनवारी धाकड़, श्यामलाल माली, दिनेश कंवर, भारतलाल सेन, त्रिलोकचंद शर्मा, घनश्याम मीणा, अर्जुनलाल नागर, विष्णु वर्मा, प्रभुलाल धाकड़ एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।